उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने शिविर में कहा–

घर पहुंचें स्वास्थ्य सुविधाएं

निःशुल्क हैल्थ कैंप में 976 मरीजों की जांच

आज समाज नेटवर्क

हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा मरीजों को दिए जाने वाले चश्मों का अवलोकन करते हुए। (दाएं) बच्चे के दांतों की जांच करते डॉ. आहलूवालिया।

अंबाला। सिटी हैल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी एवं श्यामो देवी मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट सिटी द्वारा रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घेल कलां में जिला स्वास्थ्य विभाग, मुलाना मेडिकल कॉलेज तथा निजी डाक्टरों के सहयोग से लगाए गए विशाल निःशुल्क हैल्थ कैंप में डाक्टरों द्वारा 976 मरीजों की जांच की गई।

शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाईस चेयरपर्सन व विधायक विनोद शर्मा की धर्मपत्नी शक्ति रानी शर्मा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा कि सिटी हैल्थकेयर एवं वेलफेयर सोसायटी का गठन सिटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के मकसद से किया गया।

सोसायटी द्वारा प्रत्येक माह रविवार के दिन विधानसभा क्षेत्र के किसी गांव या वार्ड में एक विशाल निःशुल्क हैल्थ कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों को उनके घर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है। इन शिविरों में डॉ. पीसी शर्मा द्वारा 300 से अधिक गरीब रोगियों के अस्पताल में मोतिया बिंद के ऑपरेशन लैंस सहित मुफ्त किए जा चुके हैं। उन्होंने सरपंच मदनमोहन व अन्य लोगों की मांग पर घेल कलां गांव की डिस्पेंसरी को पीएससी माजरी से हटाकर पीएससी पंजोखरा के साथ जोड़ने के लिए शिविर में मौजूद सिविल सर्जन डॉ. सतीश अग्रवाल को जल्द उचित कार्रवाई करने को कहा। शक्ति शर्मा ने इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. एसएस फुलिया से कहा कि वे ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए गांव, ब्लाक तथा जिलास्तर पर खेल, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद व अन्य प्रतियोगिताएं कराएं। सोसायटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि यह संस्था गैर राजनैतिक और पूरी तरह से समाजसेवी है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा व उनकी टीम ने 478 लोगों की आंखों का चेकअप किया, जिनमें से मोतिया बिंद के 55 रोगियों के ऑपरेशन सोसायटी की ओर से मुफ्त किए जाएंगे। शिविर में 280 लोगों को सोसायटी की ओर से चश्में दिए गए।

दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्री सिंह आहलूवालिया की टीम ने अपने मोबाइल डैंटल वैन में 120 लोगों के दांतों की जांच की, जिनमें से 39 लोगों के दांत निकाले गए और 15 की सफाई की गई। शिविर में मुलाना मेडिकल कॉलेज से आए नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. सनाह, बाल रोग विशेषज्ञ गुरदीप सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि, सामान्य सर्जन डॉ. सचिन सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके अग्रवाल एवं डॉ. विवेक, सिविल अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. केएस राणा, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एनके सोनी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माजरी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन, नगल पीएससी के डॉ. विनय तथा डॉ. भावना, चौड़मस्तपुर सीएससी के डॉ. मलकीत सिंह द्वारा 450 मरीजों की जांच की गई तथा सभी को सोसायटी की ओर से मुफ्त दवाइयां बांटी गई। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र में 20 रोगियों की जांच की गई और उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रेणु जैन, उप सिविल सर्जन नीलम डोगरा, बीडीपीओ प्रताप सिंह, ब्लाक समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह डगंडेहरी, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह घेल, घेल खुर्द की सरपंच सुरिंद्र कौर, डडियाना के सरपंच सुरजीत सिंह, कालूमाजरा के सरपंच मंगतराम, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश जोशी, नरेश सहगल, नैब सिंह सैनी, रजनीश, वीना शर्मा, रंजु अग्रवाल, सत्या भगत, कश्मीरी देवी, एसपी भनोट आदि उपस्थित थे।